मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -30 | मुंबई, सोमवार, दिनांक १५ अप्रैल से २१ अप्रैल २०२४ | पृष्ठ : 08 | कीमत : 3 /- रुपये




## मुकेश अम्बानी श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा की शरण में...



**मुंबईः** जगभर में ख्यातिप्राप्त मुंबई उपनगर दादर(प)प्रभादेवी स्थित श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा का दर्शन हर कोई करना चाहता है।अपने मंगल कार्यों की सिद्धि के लिए।उनकी पूजा अर्चना से भाविकों को मनचाहा फल मिलता है।

इसलिए मुंबई और मुंबई के बाहर से आने वाले गणेश भक्त गेट वे ऑफ इंडिया का भ्रमण और जुहू चौपाटी का भेल और मजेदार पानीपुरी का जायका लेने से पूर्व श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा का दर्शन जरूरी समज्ते है।चूकि बाप्पा अपने चौखट पर आने वालों को कभी निराश नही करते है।

इसी कामना से जग प्रसिद्धि उद्योगपति और रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और उनके चिरंजीव आकाश अंबानी ने सामूहिक रूप से बाप्पा की पूजा अर्चना की।मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त सर्वश्री राजाराम देशमुख ने अंगवस्त्र और पर्यावरण की रक्षा के लिये श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा का फोटो वाला प्लान्ट देकर उन्हें सम्मानित किया।

**फोटो : कपिलदेव खरवार**

# डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के पोस्टर में राज ठाकरे की तस्वीर...

## सियासी गलियारे में हर तरफ चर्चा

**महाराष्ट्र :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र में प्रचार प्रसार अभियान तेजी से जारी है. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के प्रचार में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे की भी एंट्री हो गई है. एनसीपी नेता और डिप्टी सीएम की पत्नी सुनेत्रा पवार के कैंपेन लीफलेट पर राज ठाकरे की भी तस्वीर छपी है. बारामती लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के प्रचार पत्रक पर राज ठाकरे की तस्वीर जारी होने के बाद सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है.

MNS प्रमुख राज ठाकरे ने महायुति को बिना शर्त अपना समर्थन दिया है, जिसके बाद उनकी तस्वीर प्रचार अभियान में नजर आने लगी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत






पवार के साथ मनसे प्रमुख के राज ठाकरे की भी तस्वीर जारी की गई है.

**सुनेत्रा पवार के प्रचार में राज ठाकरे की तस्वीर**

बारामती से उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के प्रचार सामग्री में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे की फोटो के बाद महादेव जानकर, रामदास अठावले आरएएस की फोटो जारी की गई है. यह प्रोपेगैंडा शीट इस समय खूब चर्चा में है. दैनिक दौरे के लिए प्रचार पत्रक की घोषणा की गई है. सुनेत्रा पवार का दौरा किस गांव में है? यह लीफलेट उनके दौरे की योजना के बारे में जानकारी देता है. बारामती लोकसभा सीट से उम्मीदवार सुनेत्रा पवार इस वक्त जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रही हैं. इसमें सुनेत्रा पवार अलग-अलग गांवों का दौरा करती नजर आ रही हैं. इसके अलावा विजय शिवतारे भी अपने प्रचार के लिए मैदान में उतर गए हैं.

उन्होंने कल सासवड में एक बैठक आयोजित की. इस बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार भी शामिल हुए. तीनों ने सुनेत्रा पवार को वोट देने की अपील की है.

बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती से मैदान में उतारा है, जबकि एनसीपी (एसपी) शरद पवार ने बेटी सुप्रिया सुले को इस सीट से टिकट दिया है. इस तरह से बारामती सीट पर भाभी और ननद के बीच चुनावी जंग है.

### राज ठाकरे ने दिया है बिना शर्त समर्थन

महाराष्ट्र की सियासत में पिछले कई महीनों से चर्चा चल रही थी कि राज ठाकरे महायुति के साथ गठबंधन करेंगे. मनसे प्रमुख राज ठाकरे की गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद ये चचाएँ सामने आईं. इसलिए सबका ध्यान राज ठाकरे की भूमिका पर गया. उसके बाद गुड़ी पड़वा सभा में राज ठाकरे ने महायुति को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की. राज ठाकरे ने यह भी कहा कि उनके कार्यकताओं ने विधानसभा की तैयारी शुरू कर दी है. बिना शर्त समर्थन देने के बाद एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के रुख को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं. हालांकि राज ठाकरे के रुख से ऐसा लग रहा है कि उनका ध्यान लोकसभा चुनाव से कही ज्यादा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर है.

## लोकसभा के उम्मीदवार मिहिर कोटेचा ने अपने रोड़ शो का आयोजन



**मुंबई (स्पर्श देसाई) :** ईशान पूर्व मुंबई के लोकसभा के उम्मीदवार मिहिर कोटेचा ने अपने रोड़ शो का आयोजन मुंबई के उपनगर कान्जूर मार्ग (पूर्व) में हाल के दिनों में सुबह सुबह किया। इस अवसर पर सांसद मनोज कोटक उपस्थित थे। उस वक्त भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर भाजपा को जिताने को कहा।

इस कार्यक्रम में अखबार 'कदम कदम पर' के प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने मिहिर कोटेचा को शुभकामनाएं दीं थी।

# बाबा साहेब के सपनों को साकार करें: राजेंद्र गायकवाड़

## भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर गोपाल किरण संस्था द्वारा सेमिनार व अवार्ड समारोह का आयोजन

## समाजसेवा को समर्पित डॉ निराला, गायकवाड़ और संध्या चंद्रसेन सम्मानित

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** मध्यप्रदेश की समाजसेवी संस्था गोपाल किरण की ओर से पहली बार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में शोध सेमिनार




व अवार्ड समारोह का आयोजन शासकीय जेपी वर्मा कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह निमराजे, सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक व साहित्यकार राजेंद्र रंजन गायकवाड, जेपी वर्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एस एल निराला, अनिता प्रभा मिंज

डीएसपी बिलासपुर, डॉक्टर जीसी भारद्वाज शासकीय लक्ष्मणेश्वर कॉलेज खरौद, जांजगीर-चांपा, डॉ गिरधारी अग्रवाल, कुल सचिव थावे विवि, बिहार, परियोजना अधिकारी जितेंद्र पाटले विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राजेंद्र रंजन गायकवाड ने कहा कि समाज की तरक्की में गैर सरकारी संगठन महती भूमिका निभाकर बाबा साहेब अम्बेडकर के सपनों का भारत बना सकते हैं। डॉ निराला और श्रीप्रकाश सिंह निमराजे ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि एसआर कुर्रे (सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर), एमआर चेलक (सेनि अपर कलेक्टर प्रभाकर ग्वाल (पूर्व सीबीआई मजिस्ट्रेट) आदि ने संविधान की महत्ता पर अमूल्य विचार रखे। सेमिनार के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया फिर संविधान की प्रस्तावना का वाचन जलेश्वरी द्वारा कराया गया। संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह निमराजे ने बताया कि संस्था सशक्त क्षमता मूलक समाज की स्थापना के लिए कार्यरत है। संस्था द्वारा लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है । संस्था का प्रमुख उद्देश्य समाज के वंचित लोगों को अवसर देने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का संविधान सर्वोच्च पवित्र ग्रंथ है इसका अध्ययन सबको करना चाहिए। इस अवसर पर संविधान जनक डॉ बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय एवं राजकीय कला संस्कृति पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं द्वारा सुंदर छत्तीसगढ़ी डांस की प्रस्तुति की।

ये हुए सम्मानित इस अवसर पर अवॉर्ड भी प्रदान किए गए जिनमे सिंबल ऑफ नॉलेज, भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.बी.आर. अंबेडकर लाइफ टाइम इंटरनेशनल आईकॉन अवॉर्ड: राजेंद्र रंजन गायकवाड,(से. नि. जेल अधीक्षक, साहित्यकार, सामाजिक चिंतक), प्रो.डॉ.एस.एल. निराला, प्राचार्य, जेपी वर्मा कॉलेज बिलासपुर, गुरु घासीदास लाइफ टाइम साहित्यक सामाजिक शिरोमणी रत्न अवार्ड मणि प्रभा त्रिपाठी, सारंगढ़, रायगढ़, अवार्ड बिलासपुर हेतु रवि हरिदास कानेकर(मनचला) अंबाझरी,नागपुर, गयाराम ध्रुव,तरसींवा, धमतरी, संध्या चंद्रसेन व मनीषा सैमूएल, विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर छ्ग, प्रो. सुजाता मैनवाल,मेरठ कॉलेज, मेरठ , डॉ.माया एसएच,पुणे, शिवकुमार छत्रवाणी, सिलदाह , कोटा, बिलासपुर,पी.यादव 'ओज', झारसुगुड़ा, डा.प्रसाद आदित्य,(से. नि.), प्राचार्या, जांजगीर चांपा, डॉ.मीरा पुष्पांजलि, एसोसिएट प्रोफेसर,जमशेदपुर, डॉ .सुधांशु कुमार चक्रवर्ती जफराबाद , देसरी , वैशाली , बिहार, प्रो.बालेश्वर राम, चतरा(झारखंड), रामनारायण मेहर, मालवा मध्य प्रदेश सहित देशभर से आए 46 शिक्षाविदों और समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

संस्था से जुड़े मुंबई के शिक्षक यादव, भोपाल , ग्वालियर , बिहार के कुलपति अग्रवाल संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमूएल, पिंकी सिंह और मंजुलता मेरसा का सहयोग रहा। इस अवसर पर गरिमा सिंह, नवजीत सिंह, राजुकमार यादव, (मुबई) मंजुलता मेसरा, डॉ. राधा सुनील कुमार, भोपाल,

**श्री राम नवमी की**

**की हार्दिक शुभकामनाएं**




**सतिंदर पाल सिंह आहूजा**

**(अध्यक्ष - आहूजा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज)**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# विनिवेश में नई जान!

गत माह बिजनेस स्टैंडर्ड के एक आयोजन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजीकरण की नीति को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किए जाने के बाद इस बारे में कुछ चिंताएं उत्पन्न हुई थीं क्योंकि बजट में वर्ष के लिए विनिवेश लक्ष्य को स्पष्ट रूप से सामने नहीं रखा गया था।

ऐसे में मंत्री का वक्तव्य आश्वस्त करने वाला है। महामारी के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की नई नीति आत्मनिर्भर भारत के पैकेज के हिस्से के रूप में घोषित की गई थी। यह नीति 2021-22 के केंद्रीय बजट का भी हिस्सा थी। इस नीति में सभी रणनीतिक और गैर रणनीतिक क्षेत्रों में विनिवेश की कल्पना की गई थी। सरकार सामरिक क्षेत्रों के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) में न्यूनतम उपस्थिति बनाए रखेगी। उदाहरण के लिए परमाणु ऊर्जा, बिजली, पेट्रोलियम और वित्तीय सेवाएं आदि। बहरहाल इसके क्रियान्वयन के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है जिसे समझा जा सकता है क्योंकि विनिवेश और निजीकरण जटिल कवायद हो सकती हैं। कुछ सीपीएसई में समय लग सकता है और इसकी कई वजह हो सकती हैं, मिसाल के लिए कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना। संभावित जटिलता के बावजूद सरकार के लिए बेहतर यही होगा कि वह इस मार्ग पर सहजता से बढ़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का अगला कार्यकाल बड़े निर्णयों वाला होगा और विभिन्न मंत्रालयों के बारे में कहा जा रहा है वे इस दिशा में खाका तैयार कर रहे हैं। अगली सरकार के स्वरूप से इतर कई मजबूत वजह हैं जिनकी वजह से विनिवेश में सुधार सरकार के एजेंडे में शीर्ष पर होना चाहिए। सरकार ने महामारी के बाद आर्थिक रूप से उबरने के लिए पूंजीगत व्यय में इजाफा किया। इसने हाल के वर्षों में वृद्धि को गति दी है लेकिन सरकार के व्यय बढ़ाने के कारण राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया धीमी हुई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी तक लाने का है। यदि विनिवेश फंड की राशि पूंजीगत व्यय का हिस्सा हो तो इससे राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया को तेज करने में मदद मिलेगी। अगर सरकार की ओर से वित्तीय मदद की मांग कम होगी तो निजी क्षेत्र के लिए फंड बचेंगे। निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। बहरहाल, अगर सरकार बचत अधिशेष के अधिकांश हिस्से की खपत करती रही तो निजी पूंजीगत व्यय में सुधार खतरे में पड़ जाएगा। उस स्थिति में सरकार को पूंजी आयात पर विवश होना पड़ सकता है जो शायद इस मोड़ पर वांछित न हो। ऐसे में बड़े पैमाने पर विनिवेश न केवल सरकारी पूंजीगत व्यय को बरकरार रखने में मदद कर सकता है बल्कि यह निजी निवेश को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है जो वृद्धि के लिए आवश्यक है। इसके अलावा शेयर बाजारों में भी तेजी का दौर है और परिदृश्य सकारात्मक नजर आ रहा है।

अगर मान लिया जाए कि भारत में एक स्थिर सरकार बनती है (जिसकी पूरी संभावना है) तो और सुधार संभव है। वैश्विक मुद्रास्फीति उच्चतम स्तर पर है और वित्तीय हालात तुलनात्मक रूप से सहज हुई है।  निवेशकों का अनुमान है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष के अंत में नीतिगत दरों में कटौती आरंभ करेगा। वैश्विक बाजार में मुद्रा की कम लागत से भारत जैसे उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों में पूंजी प्रवाह बढ़ेगा जो शेयर बाजार के मूल्यांकन को बढ़ाएगा। शेयरों की बढ़ती मांग और अनुकूल मूल्यांकन का अर्थ यह है कि सरकार को अपनी परिसंपत्तियों का बेहतर मूल्य मिलेगा। उसे इस अवसर का लाभ लेना चाहिए। ध्यान देने वाली बात है कि एसऐंडपी बीएसई पीएसयू सूचकांक के अनुसार सीपीएसई के शेयरों की कीमत बीते एक साल में दोगुनी हो चुकी है। मूल्य आय अनुपात के रूप में उनका मूल्यांकन अभी भी मानक एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स से काफी कम है। अगर अधिक विनिवेश हुआ तो संभव है कि निवेशकों की भागीदारी बढ़े, ऐसे में इन कंपनियों के लिए विस्तार के लिए पूंजी जुटाना आसान होगा। ऐसे में आक्रामक विनिवेश और निजीकरण वृद्धि के लिए कई तरह से मददगार होगा।

# भदोही लोकसभा प्रत्याशी डॉ. बिनोद बिंद के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब




**भदोही उत्तर प्रदेश,** 11 अप्रैल दिन सोमवार को जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने बिंद समाज विकास संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार बिंद को भदोही लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किया है तभी से सर्व समाज के मसीहा कहे जाने वाले डॉक्टर विनोद कुमार बिंद के समर्थन में भदोही ही नहीं कई जिले के सर्व समाज के लोगों ने मिलने की इच्छा जाहिर की और 12 अप्रैल को भदोही लोकसभा के आगमन पर उनके चाहने वालों की भीड़ जमा होने लगी।



बरौतऔर हंडिया के बीच कई किलोमीटर तक लाइन लग गई। बता दें कि भदोही लोकसभा में बिंद समाज मतदाताओं की संख्या लगभग तीन लाख चालीस हजार है, भाजपा पार्टी ने बृहस्पतिवार को उम्मीदवारों की 11 वीं सूची जारी की है जिसमे बाहुल्य क्षेत्र बिंद समाज के बहुचर्चित सर्व समाज में सम्मानित उम्मीदवार डॉक्टर विनोद कुमार बिंद पर दाव खेला है, बिंद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर शेषधर बिंद ने सर्व समाज के मतदाताओं से अनुरोध किया है कि अपना बहुमूल्य मत कमल के फूल पर बटन दबाकर ,भदोही के चहुंमुखी विकास के लिए डॉ विनोद कुमार बिंद को भारी से भारी मतों से विजयी बनाये।

आपका अपना साथी डॉ बिंद राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंद समाज विकास संघ।

## राम नवमी




जैसा कि हम राम नवमी के पावन अवसर को जा रहे हैं, यह हम सभी के लिए अपार खुशी और चिंतन का क्षण है। देश के आम जनमानस के दिलों में रामनवमी का पर्व एक विशेष स्थान रखती है, न केवल एक धार्मिक त्योहार के रूप में, बल्कि भगवान राम जी द्वारा मानवता को दिए गए शाश्वत मूल्यों और शिक्षाओं की याद दिलाने के रूप में।

इस पवित्र दिन पर, आइए हम प्रभु श्रीराम जी के जीवन से प्रेरणा लें, जिन्होंने धर्म, करुणा और साहस का प्रतीक बनाया। सत्य और न्याय के प्रति उनकी अटूट भक्ति आज भी हमारे मार्ग को रोशन करती है।

इन चुनौतीपूर्ण समय में, जब दुनिया अनिश्चितताओं से जूझ रही है, तो आइए हम एकता और सहानुभूति की भावना को अपनाएँ, जिसके लिए भगवान राम खड़े थे। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करें और एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करें जहाँ हर व्यक्ति के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाए।

जैसा कि हम राम नवमी मनाने के लिए एक साथ आते हैं, आइए हम भगवान राम द्वारा बताए गए प्रेम, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। यह शुभ अवसर सभी देशवासियों के लिए खुशी, समृद्धि और आशीर्वाद लेकर आए।

सम्मानित संपादकीय टीम एवं सहयोगियों, प्रिय पाठकों, शुभचिंतकों एवं विज्ञापनदाताओं आपको और आपके प्रियजनों को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर परिवार की ओर से राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ!

**प्रस्तुतिः अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक .**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३



## डॉ. जयसिंह यादव का सम्मान समारोह संपन्न



**मुंबईः-** मुलुंड पश्चिम स्थित कपिल क्लिनिक,केशव पाड़ा पर भवन्स हजारीमल सोमानी काँलेज के प्रो.डॉ.जयसिंह चंद्रमणि यादव को मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा पी.एच.डी (डाक्टरेट) प्रदान किए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. जयसिंह ने बिजनेस मैनेजमेंट के अंतर्गत मुंबई के बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं पर स्ट्रेस का प्रभाव विषय पर शोध प्रस्तुत कर पी.एच.डी. प्राप्त किया।

उनकी उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह एवं समाजसेवी शिक्षाविद् चंद्रवीर बंशीधर यादव,युवा ब्रिगेड एसोशिएसन के अध्यक्ष डॉ. सचिन महानंद सिंह,समाजसेवी रमेश आर.यादव,अशिहारा कराटे इंटरनेशनल महाराष्ट्र चीफ दयाशंकर पाल,उद्योगपति उमेश यादव,सुभाष यादव,मनोज सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर डॉ.जयसिंह को सम्मानित किया।

## खंडित झूलेलाल मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु भजन संध्या का आयोजन

**मुंबई-** मुलुंड प.एम.जी.रोड पर स्थित श्री लोहाणा महापरिषद बिल्डिंग में स्थित झूलेलाल मंदिर खस्ताहाल एवमखंडित हो चुकी है। इसके पुनर्निर्माण हेतु रहिवासी मंडल द्वारा बाबा ऋषभनाथ जी महाराज (विरार वाले) एवम लाला उश्ताद की पुर्ण टीम द्वारा भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन मंदिर परिसर पर किया गया।




इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवाब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह,दयाशंकर पाल (कराटे प्रशिक्षक) उपस्थित रहे। भजन संध्या का आयोजन पलक बेन,कान्हा भाई,गिरीश ठक्कर एवम मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया।

## अमरावती सीट पर आनंदराज आंबेडकर को मिला औवेसी का साथ





**अमरावतीः** लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही है. सभी राजनीतिक पार्टियों जोर-शोर से प्रचार प्रसार में जुटी हुई है. इसी बीच महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट सुर्खियों में बनी हुई है. इस सीट पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पोते और रिपब्लिकन सेना नेता आनंदराज आंबेडकर चुनाव लड़ रहे है. जिनका ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन पार्टी प्रमुख और सासंद असदुद्दीन औवेसी ने समर्थन किया है. एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन औवेसी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मुझे डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के पोते आनंदराज आंबेडकर, जो अमरावती से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, को एआईएमआईएम के समर्थन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. मैं अपनी पार्टी के कार्यकताओं को उनकी जीत के लिए काम करने की सलाह देता हूं. बता दें कि आनंदराज आंबेडकर ने एआईएमआईएम का समर्थन मांगने के लिए इम्तियाज जलील से कुछ दिन पहले मुलाकात की थी. जिसके बाद इम्तियाज जलील की तरफ से कहा गया था कि पार्टी के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी से चर्चा के बाद समर्थन पर फैसला लिया जाएगा. वहीं अब ओवैसी ने खुद समर्थन देने की बात कहीं है. अमरावती लोकसभा सीट पर मुकाबला अब बहुकोणीय हो गया है. बीजेपी की तरफ से इस सीट पर मौजूदा सांसद नवनीत राणा को टिकट दिया गया है. वहीं कांग्रेस की तरफ से बलवंत वानखेड़े, वंचित बहुजन अघाड़ी की तरफ से प्राजक्ता पिल्लेवान और प्रहार जनशक्ति पार्टी की तरफ से दिनेश बूब को मैदान में उतारा गया है. बता दें कि अमरावती लोकसभा सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा आती है.




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२४-२५ क्र-5/D१०



पुणे राजस्थान सेन सेवा मंडल,के सेन महाराज मुर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे बाबजी आचलानंदजी महाराज सा का आशीर्वाद लेते हुए महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार.



राजस्थान सेन सैवा मंडल पुणे के आधार स्तंभ भागीरथ जी सेन,भारतीय सैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ad. पुखराज जी राठौड़ के साथ महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार.

# एम डब्ल्यू ओ चण्डीगढ़ स्टेट कमेटी का गठन

**कदम कदम पर संवाददाता,**

**चण्डीगढ़ :** नन्द, नाई, सेन, सविता, श्रीवास, शर्मा, ठाकुर, नन्दवंशी समाज को संगठित करने की मुहिम के साथ समाज कार्यों में विशेष अभिरुचि रखने वाले संगठन एम डब्ल्यू ओ ने अपना विस्तार करते हुए केन्द्र शासित राज्य चण्डीगढ़ में अपनी प्रान्तीय कमेटी का गठन किया।



दिनांक 13 अप्रैल 2024 को चण्डीगढ़ के सेक्टर 21 के पंजाब सैनिक भवन के पास जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के रेस्ट हाउस के तृतीय तल स्थित कान्फ्रेंस हाल में एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सांय 7 बजे से 10 तक प्रस्तावित थी परन्तु निर्धारित समय से 1 घण्टा विलम्ब से प्रारंभ हुई और रात्रि 11 बजे तक चली। तमाम बिन्दुओं पर विचार विमर्श के पश्चात कमेटी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से राम बहादुर शर्मा को अध्यक्ष, राज कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार शर्मा को महासचिव, राकेश कुमार को सचिव, अनुज कुमार को उपसचिव, बृजेश कुमार को कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार शर्मा को आडीटर, राम ललन शर्मा को संगठन मंत्री, विवेक कुमार को सहसंगठन मंत्री, उमेश कुमार शर्मा को मीडिया प्रभारी तथा अभयराज, रमेश चन्द्र शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, आद्या प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एम डब्ल्यू ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से तथा संचालन राष्ट्रीय सचिव उदय राज शर्मा ने किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को पद एवं नैतिकता की शपथ दिलाई गई तथा निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर लगभग 50 लोगों की उपस्थिति रही।

# एम डब्ल्यू ओ चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

## 60 लोगों ने किया रक्तदान

**कदम कदम पर संवाददाता**

**चंडीगढ़ :** जलियांवाला बाग के शहीदों की स्मृति तथा बैसाखी पर्व व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को एम डब्ल्यू ओ चंडीगढ़ इकाई व मिनी मार्केट एसोसिएशन सेक्टर 9 डी चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एक बेहद सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चंडीगढ़ पीजीआई ब्लड बैंक द्वारा मोबाइल रक्त संग्रह वाहन में लोगों का रक्त संग्रह किया जा रहा था, रक्तदानियों की भारी भीड़ को देखकर पीजीआई ब्लड बैंक टीम को एक और रक्त संग्रह वाहन मंगाना पड़ा। 15 लोगों को एच बी चेकिंग के बाद रिजेक्ट किया गया फिर भी 60 लोगों ने रक्तदान कर इस कैंप को ऐतिहासिक बना दिया। एम डब्ल्यू ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, जननायक कर्पूरी ठाकुर व सम्राट



महापदमनंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान के लिए लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। राजेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, सावन कुमार शर्मा, राकेश कुमार, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, अभयराज शर्मा, रामबहादुर शर्मा, दीपेंद्र सिंह, जसवंत प्रसादपुयोउ, बहादुर सिंह, देवनारायण, सूरज कुमार, अजीत थापा, इंद्रपाल वर्मा, भूपेंद्र सिंह, बंटी शर्मा, राहुल शर्मा, राकेश कुमार, राकेश शर्मा, रमन, राजन शर्मा, सुखजिंदर गिल, सूरज कुमार, राकेश कुमार, अमरनाथ, जयपाल, राकेश कुमार गुप्ता, दिलाराम शर्मा, सचिन यादव, राकेश कुमार, अद्या प्रसाद शर्मा, सचिन शर्मा, राकेश पांडे, रामेश्वर नाथ द्विवेदी, मोहम्मद इश्तियाक, अजय कुमार, सुरेश प्रसाद बैलवाल, अमित मनोचा, अनुज कुमार, अमित कुमार, हरिकेश शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, राहुल कुमार शर्मा, विवेक कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, जसपाल कुमार, मोनू, राममिलन, ओम प्रकाश यादव, अक्षय, सन्नी, रमेश भाल, भारत भूषण, सुरेश कुमार, विवेक शर्मा, अनिल कुमार, भीम सिंह, देवी राम, संदीप, राजकुमार, राम ललन शर्मा सहित 60 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा ने रक्तदानियों को बधाई देते हुए कहा कि आपके रक्त से लोगों का जीवन बचेगा, इससे बढ़कर कोई दूसरा पुण्य नहीं है, ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए तथा इस मुहिम को चंडीगढ़ के हर सेक्टर में पहुंचाने का संकल्प आप लोगों को लेना होगा।

इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर महेश इंदर सिद्धू, विनोद कुमार, राम बक्श शर्मा, राम बहादुर शर्मा, अजय शर्मा, हरकेश शर्मा, बृजेश शर्मा, राम करन शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।
















# हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार, शहीद मेजर की विधवा को नहीं मिले पूर्व सैनिक नीति के तहत फायदे...

**महाराष्ट्र :** भारतीय सेना के शहीद मेजर की पत्नी को कई साल बीतने के बाद भी पूर्व सैनिक नीति के तहत कोई सुविधा नहीं मिली है, जिस पर बॉम्बे

## हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**सरकार की तरफ से पेश हुए पीपी काकादे ने पीठ को बताया कि हमें इस मामले में नीति संबंधी फैसला लेना होगा और इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत होगी, लेकिन अभी कैबिनेट की बैठक नहीं हो रही है। इस पर पीठ ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि 'आप हर बार कोई न कोई कारण बता रहे हैं। ये ऐसा मामला है, जिसमें किसी ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया और आप ऐसा कर रहे हैं। हम इससे खुश नहीं हैं।' पीठ ने कहा कि 'क्योंकि ये विशेष मामला है, इसलिए हमने राज्य की सर्वोच्च अथॉरिटी (मुख्यमंत्री) को भी इस मामले पर प्राथमिकता से विचार करने और उचित फैसला लेने को कहा था। उन्हें इस पर फैसला लेना चाहिए था।**

हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट की जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस फिरदोश पूनीवाला की डिविजन बेंच ने आकृति सूद की याचिका पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार को फटकार भी लगाई।


भारतीय सेना के मेजर अनुज सूद 2 मई, 2020 को जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे। मेजर सूद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। मेजर सूद की विधवा आकृति सूद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर महाराष्ट्र सरकार से पूर्व सैनिक नीति के तहत सुविधाएं देने की मांग की थी। महाराष्ट्र सरकार का कहना है कि वही लोग पूर्व सैनिक नीति के तहत फायदा



पाने के अधिकारी हैं, जिनका जन्म या तो महाराष्ट्र में हुआ हो या फिर वो 15 साल से महाराष्ट्र के निवासी हों। शुक्रवार को राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि मेजर सूद महाराष्ट्र के निवासी नहीं थे।

# वसई-विरार में बिजली कटौती के कारण जलापूर्ति प्रभावित...

**वसई :** गर्मियों में तालुका में पानी की भारी कमी हो जाती है। इस बीच, प्रशासन ने कुछ इलाकों में टैंकरों से जलापूर्ति शुरू कर दी है, लेकिन सूर्या क्षेत्रीय जलापूर्ति योजना की गति भी धीमी पड़ने लगी है. पिछले 15 दिनों




में चार बार बिजली कटौती के कारण शहर में जलापूर्ति प्रभावित हुई है. एक ओर जहां गर्मी के थपेड़ों ने नागरिकों का गला सुखाना शुरू कर दिया है. इसलिए नागरिक प्रशासन से पूछने लगे हैं कि जल संकट से कब राहत मिलेगी.

# संस्था द्वारा दिया गया जरूरतमंदों को ब्लड



आज दिनांक 13/04/24 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा जी के सूचना पर लालबहादुर शर्मा जी ग्राम सुर्तसापुर सिकरारा जौनपुर को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी के निर्देष पर तुरंत श्रीराम मेमोरियल कंपोनेंट सेंटर से बात करके एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया( पूर्व में 2 यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया है )भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी व स्वजातीयबंधुओं की तरफ से ईश्वर से कामना करते हैं कि बाबूजी जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपनों के बीच में आए!

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
संस्था प्रभारी/ मुख्य सचिव
भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति
मो० 8369149482

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२४-२५ क्र-5/D५

# शहद का अत्यधिक सेवन पहुंचा सकता है आपको नुकसान

शहद से प्राप्त होने वाले फायदे किसी से छिपे नहीं हैं। प्राकृतिक गुणों से भरपूर शहद बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। वैसे तो आप शहद को यूं ही खाएं या फिर गर्म पानी में डालकर, यह हर रूप में लाभकारी ही होता है। लेकिन फिर भी इसका अत्यधिक सेवन व गलत तरीके से सेवन करने पर इसे अमृत से विष बनने में देर नहीं लगती। इतना ही नहीं, इसके कारण आपको बहुत सी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ परेशानियों के बारे में-

**सही तरह से सेवन :** शहद का सेवन करते समय आपको इस बात का ख्याल रखना होता है कि आप शहद का किस प्रकार सेवन करते हैं। उदाहरण के तौर पर लोग वजन कम करने के लिए शहद का सेवन गर्म पानी के साथ करते हैं, लेकिन आवश्यकता से अधिक गर्म पानी का सेवन करने से आपको शरीर में गर्मी या पेट संबंधी परेशानियां होने का खतरा बना रहता है। ठीक इसी तरह शहद को कभी भी गर्म दूध, चाय, कॉफी, मूली, नानवेज आदि के साथ नहीं लेना चाहिए।

**पेट हो जाता है खराब :** स्वस्थ रहने के लिए भले ही आप शहद का सेवन करते हों लेकिन आवश्यकता से अधिक इसका सेवन करने से आपको पेट संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। दरअसल, शहद में फ्रुक्टोज पाया जाता है, जिसे हर व्यक्ति के लिए पचा पाना मुश्किल होता है। जब इसकी अधिकता होती है तो इससे पेट खराब होने, पेट में दर्द, पेट में फूलने और डायरिया होने की संभावना बन जाती है।

**रोगियों के लिए नुकसानदायक :** शहद का सेवन अस्थमा रोगियों के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इससे उन्हें श्वास में कमी, खुजली और जीभ में सूजन जैसी समस्या होती है। इतना ही नहीं, जिन लोगों को एलर्जी की परेशानी होती है, उन्हें भी शहद का सेवन करने पर फेफड़े में सूजन होने की परेशानी हो सकती है। वहीं मधुमेह रोगियों को भी शहद का सेवन डॉक्टर के परामर्श के बाद ही करना चाहिए क्योंकि यह रक्त में शर्करा के स्तर में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त रक्तस्राव से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी शहद बेहद हानिकारक होता है।

**छोटी आंत होती है प्रभावित :** शहद की अधिकता आपकी छोटी आंत को प्रभावित करती है। जब आपकी छोटी आंत प्रभावित होती है तो इससे शरीर को पोषक तत्वों को अवशोषित करने में काफी दिक्कत आती है। अंततः इससे कई तरह की परेशानियां पैदा होती हैं।



# दुबई का 'मिरेकल गार्डन' जैसे रेगिस्तान में नंदन-कानन



**दुबई** की यह मेरी पांचवीं यात्रा है। जब भी यहां आया हूं कोई-न-कोई नयी बात या नयी चीज़ सुनने-देखने को मिली है। पिछली बार जब आया था तो 'बुर्ज खलीफा' चर्चा में था। 160 मंजिलों वाली तथा लगभग 828 मीटर ऊंची इस आकाश-छूती इमारत को देखकर सचमुच आश्चर्य हुआ था। उससे पहले दुबई स्थित उस होटल 'बुर्ज-अल-अरब' को देखा था, जिसके बारे में सुना था कि वह विश्व का सब से बड़ा सात-सितारा होटल है। प्रतिमान पर प्रतिमान स्थापित करना इस शान-शौकत और चमक-दमक वाले दुबई शहर की 'ललक' का एक तरह से पर्याय बन गया है। विश्व का सब से बड़ा मॉल 'दुबई मॉल' भी यहीं पर है।

स्वचालित (बिना ड्राइवर के) मेट्रो भी यहां है। और भी बहुत कुछ है यहां देखने के लिए। इस बार उस पुष्प-उद्यान को देखने का मौका मिला जिसके बारे में अपने देश में सुन रखा था। यह पुष्प उद्यान यानी मिरेकल गार्डन विश्व-प्रसिद्ध है। लगता है जैसे समूचा नंदन-कानन सहरा में उतर कर आया हो। दुबई मिरेकल गार्डन का क्षेत्रफल लगभग सत्तर हज़ार वर्गमीटर है। विश्व का यह ऐसा पहला उपवन है जिसमें 60 रंगों के 4.5 करोड़ फूल हैं। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें फारस की खाड़ी के इलाके में पहली बार लाया गया है। यह संसार का पहला ऐसा बाग़ है जो फूलों से बनी तीन मीटर ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और इसमें एक दस मीटर ऊंचा पुष्प-पिरामिड भी है। फूलों के गुच्छों, झुरमुटों और कियारियों को बड़े ही कलापूर्ण ढंग से तराशा/संवारा गया है। जहां तक भी नजर जाती है महकते फूलों का समुद्र ठाठें मारता दृष्टिगोचर होता है। रेगिस्तान में ऐसा दृश्य विरल ही नहीं, अकल्पनीय भी है। इस दिलकश गुलिस्तान के निर्माताओं का कहना है कि वे संसार को दिखाना चाहते थे कि सहरा को भी कैसे प्रदूषित जल का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग कर उसे हराभरा किया जा सकता है। दुनिया को वे यह भी बताना चाहते थे कि दुबई मात्र ऊंची-ऊंची अट्टालिकाओं (लोहा-सीमेंट-रेत) और मालों/होटलों का ही शहर नही है। अपितु प्रकृति-प्रेमी नगर भी है। एक बात और। दुबई की भावी योजनाओं में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है फाल्कन सिटी ऑफ़ वंडर्स। इस परियोजना के तहत दुनिया भर से वास्तुकला के कई श्रेष्ठ नमूनों की प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी जिनमें पिरामिड, हैंगिंग गार्डन, एफिल टावर, ताज महल, चीन की महान दीवार और पिसा की झूलती मीनार शामिल हैं। परियोजना दुबई के प्रतिमानों की श्रृंखला में एक और नई कहानी लिखेगी, ऐसा इसके प्रबंधकों का मानना है।

दुबई के प्रशासकों (शेखों) को यह समझ में आने लगा है कि उनके तेल के जखीरे अब ज्यादा दिनों तक चलने वाले नहीं हैं और एक-न-एक दिन उनके ये तेल के कुंए तेल देना बंद कर देंगे। दरअसल, 1930 में उन्हें तेल की अकूत संपदा हाथ लगी थी, उससे पहले यहां के लोग मछली-पालन या समुद्र से मोती निकालने का काम करते थे, लगभग अस्सी वर्षों से सहरा इन्हें तेल से मालामाल कर रहा है। बुर्ज, होटल, चौड़ी सड़कें, चमक-दमक, वैभव, ठाठ-बाठ आदि सब तेल की वजह से है। मगर तेल निकलेगा भी तो कब तक इसलिए विकल्प के तौर पर, समय रहते, यहां के शासक 'पर्यटन' उद्योग को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में भी बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं ये लोग ला रहे हैं। ●●●

**विश्व का यह ऐसा पहला उपवन है जिसमें 60 रंगों के 4.5 करोड़ फूल हैं। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें फारस की खाड़ी के इलाके में पहली बार लाया गया है। यह संसार का पहला ऐसा बाग़ है जो फूलों से बनी तीन मीटर ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और इसमें एक दस मीटर ऊंचा पुष्प-पिरामिड भी है। फूलों के गुच्छों, झुरमुटों और कियारियों को बड़े ही कलापूर्ण ढंग से तराशा/संवारा गया है। जहाँ तक भी नजर जाती है महकते फूलों का समुद्र ठाठें मारता दृष्टिगोचर होता है।**



# एक झटके में हम गरीबी मिटा देंगे: राहुल गांधी

## बस्तर में कहा- जितना 70 करोड़ लोगों के पास धन, उतनी 22 लोगों की संपत्ति

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज राजस्थान के अनूपगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए बड़ा चुनावी वादा कर दिया। राहुल ने कहा कि हम एक झटके से हिंदुस्तान से गरीबी मिटा देंगे।

दरअसल, राहुल गांधी ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों पर बोलते हुए कहा कि वे गरीबी से जूझ रहे परिवार की हर एक महिला के खाते में 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) ट्रांसफर करके देश से गरीबी हटा देंगे। राजस्थान के अनूपगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, कांग्रेस सरकार देश के हर गरीब परिवार की महिला के बैंक खाते में (एक साल में)



1 लाख रुपये ट्रांसफर करेगी... अगर आप गरीबी रेखा से नीचे हैं तो हर साल 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) खटाखट खटाखट आता रहेगा और एक झटके से हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे... राहुल गांधी ने आगे कहा कि यह आम चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा, ''यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। यह चुनाव पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का और सामान्य जाति के गरीबों का है।

### देश के सबसे अमीर लोगों का कर्जा माफ किया

राहुल गांधी ने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी ने हिंदुस्तान के 25-30 सबसे अमीर लोगों का इतना कर्ज माफ किया है कि उतने पैसे से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना में 24 साल का भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''हिन्दुस्तान के सबसे अमीर 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। एक तरफ 70 करोड़ लोग, उसमें पिछड़े वर्ग, दलित आदिवासी, गरीब लोग और दूसरी तरफ 22 लोग। 70 करोड़ में से किसान कह रहे हैं, हमें एमएसपी दे दीजियेज्युवा कह रहा है हमें रोजगार दे दीजिये... महिलाएं कह रही हैं, महंगाई से हमें बचाइए... लेकिन कोई सुननेवाला नहीं।''

## गाजियाबाद में सिलेंडर फटने से 41 झुग्गियां जलकर खाक



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के की झुग्गियों में भीषण हादसा हो गया है। यहां दर्जनों सिलेंडर फटने से झुग्गियों में आग लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सबसे पहले यहा रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। जिस इलाके में आग लगी वहां अवैध रूप से सैंकड़ों झुग्गियां बसाई गई है। घटना शनिवार सुबह 11 बजे की बताई जा रही है।

# इंडिया गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर: जेपी नड्डा

## बोले- कांग्रेस का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाया जाना चाहिए

**गोंदिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षियों को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा विपक्षी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर हैं।

### गोंदिया जिले के लोगों से बोले नड्डा

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, %एक तरफ पीएम मोदी भ्रष्टाचारियों को सजा देने की बात करते हैं। वहीं, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाया जाना चाहिए। अब आपको चुनना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाना है या उन्हें सजा मिलनी चाहिए। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी चिदंबरम, लालू यादव और उनके दोनों बेटे क्या ये सब केवल जमानत पर नहीं हैं? अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ये सब जेल में नहीं हैं? आधे जमानत पर हैं, आधे जेल में हैं।



### विपक्षियों पर लगे आरोप गिनाए

जेपी नड्डा ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर जोर देते हुए कहा, 'कांग्रेस ने कोयला घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, चावल, चीनी, 2जी/3जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला किया। अखिलेश यादव ने लैपटॉप घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट में भ्रष्टाचार किया। लालू यादव ने चारा घोटाला किया था। उन्होंने नौकरी के बदले जमीन के घोटाले में भ्रष्टाचार किया। ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती घोटाला, पशु तस्करी घोटाला, रेत घोटाला किया। गौरतलब है, हाल के दिनों में कई विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया है, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार किया था। बीआरएस नेता के. कविता को भी हाल ही में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### विपक्ष का एजेंडा- 'मोदी हटाओ, मोदी को गाली दो'

जेपी नड्डा ने कहा, 'इंडी गठबंधन के पास देश के विकास का कोई एजेंडा नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- मोदी हटाओ, मोदी को गाली दो।' उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यभूमि महाराष्ट्र के गोंदिया में भारतीय जनता पार्टी के लिए यह उत्साह और प्रचंड समर्थन जनता-जनार्दन द्वारा 'अबकी बार- 400 पार' का उद्घोष है। विपक्षी गठबंधन अपनी हार देखकर हताशा में हैं इसलिए वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। ये सिर्फ भ्रष्टाचारियों को और अपने परिवार को बचाने वालों का गठबंधन है। इनका काम सिर्फ घोटाला करना है।

### जन-जन मोदी के साथ

उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा हर वर्ग का उत्थान करने के साथ हमारी विरासत व संस्कृति को सम्मान देकर देश को स्वाभिमान से परिपूर्ण किया है, इसलिए आज जन-जन मोदी जी के साथ है। नड्डा ने आगे कहा कि साल 2014 से पहले देश में आए दिन आतंकी घटनाएं होती थीं, घोटाले होते थे और नीतियां एयर कंडीशन कमरे में बना करती थी।

**आतंकवाद पर विदेश मंत्री की दो टूक**

# आतंकी नियम नहीं मानते, तो उनके खात्मे के भी कोई नियम नहीं



**नई दिल्ली।** पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने युवाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत का पड़ोसी देश है, इसके लिए केवल हम जिम्मेदार हैं।

अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया और भारतीय सेना ने उनका डटकर मुकाबला किया और राज्य का एकीकरण हुआ। उन्होंने कहा कि जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम रूक गए और संयुक्त राष्ट्र में चले गए।

### विदेश नीति में बदलाव आया है: जयशंकर

युवाओं से बातचीत करते हुए जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश की विदेश नीति के बदलाव पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि मेरा जवाब है...हां 50 फीसदी निरंतता है और 50 फीसदी बदलाव है। उन्होंने कहा कि मुंबई हमले के बाद एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसने महसूस नहीं किया कि हमें जवाब नहीं देना चाहिए। आंतकवाद पर बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि आतंकवादियों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे सीमा पार हैं, इसलिए उन्हें कोई छू नहीं सकता।

# सिडनी मॉल में हुई चाकूबाजी- गोलीबारी में 6 की मौत

## पुलिस ने हमलावर को मार गिराया, कई घायल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से चाकूबाजी की खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां के एक शॉपिंग सेंटर में कई लोगों को चाकू मारा गया है। इस घटना में कुल 6 लोगों की मौत हुई है और कई घायल हैं। संदिग्ध हमलावरों की



संख्या 2 बताई जा रही है। इनमें से एक को ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने गोली मारी दी। मालूम हो कि यह घटना वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में उस वक्त हुई, जब शनिवार दोपहर यह खरीदारों से खचाखच भरा था। चाकूबाजी को लेकर शोर मचते ही मॉल में कुछ समय के लिए अफरातफरी मच गई। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने मॉल कैंपस को पूरी तरह से खाली कर दिया है। इसके साथ ही पूरे परिसर की तलाशी ली जा रही है। यह जांच की जा रही है कि कहीं कोई विस्फोटक तो छिपाकर नहीं रखा गया है।

# पीएम मोदी ने मोबाइल और वीआर-बेस्ड गेम खेले

## गेमर्स बोले- आपको देखकर दिल धक-धक हो रहा, पीएम ने कहा- होने दीजिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गेमिंग इंडस्ट्री के 7 क्रिएटर्स से मुलाकात की और उनसे गेमिंग से जुड़े कई मुद्दों पर बात की। इन 7 गेमर्स में नमन माथुर, अनिमेश अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायद धारे, अंशु बिष्ट, तीर्थ महेता और गणेश गंगाधर शामिल हैं। इन सभी गेमर्स के सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स हैं। पीएम मोदी ने इन गेमर्स के साथ गेम्स भी खेले।

इस दौरान गेमर्स ने पीएम से कहा कि आपको देखकर दिल अब तक धक-धक हो रहा है, तो मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा- होने



दीजिए। प्रधानमंत्री ने गेमर्स से गेमिंग इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करते हुए जुआ बनाम गेमिंग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने गेमिंग इंडस्ट्री में नए डेवलपमेंट पर भी चर्चा की और कैसे मोदी सरकार ने भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाले गेमर्स


### पीएम ने पूछा- एक साथ आप लोग कंटिन्यू कितने घंटे खेलते हैं?

इसका जवाब देते हुए गेमर्स ने कहा कि जो ई स्पोर्ट्स एथलीट होते हैं वह 6 से 7 घंटे प्रैक्टिस के लिए देंगे। ई स्पोर्ट्स एथलीट की पूरी रूटीन होती है, दिन में उठने का समय, गेम का समय, डाइट सब कुछ होता है। वहीं, कंटेंट क्रिएटर्स दिन में लगभग 12 घंटे सोच ही रहे होते हैं। फिर हो सकता है कि वीडियो दो दिन में बन जाए या फिर 10 दिन तक न बने।

# संस्था द्वारा मृत्युभोज का बहिष्कार कर रचा इतिहास

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था ने आज जनपद भदोही के मोढ़ बाजार निकट ग्राम बरमोहनी के पूर्व प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने पुरानी रूढ़िवादी परम्परा को तिलांजलि देकर अपनी दिवंगत मां की तेरहवीं न करके ग्यारहवें दिन श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया। राजेश कुमार शर्मा सामाजिक संगठन भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति भदोही के जिला संगठन मंत्री हैं। आपकी माता जी का दिनाँक 29 मार्च 2024 को निधन हो गया था। आपने समाज में व्याप्त मृत्युभोज जैसी कुरीति को समाज से समूल समाप्त करने की दिशा में पहला कदम उठाकर एक नया इतिहास रच दिया। सच ही कहा है कि - उत्तम नायक वह ही है जो उत्तम राह बनाता है, कोई पदचिन्हों पर चलता है कोई पदचिन्ह बनाता है।

दिवंगत श्रीमती शान्ती देवी की श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न संगठनों तथा विभिन्न जनपदों के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे। लोगों ने संकल्प लिया कि न तो मृत्य भोज में खाएंगे और न ही अपने यहां खिलाएंगे। सभा को सम्बोधित करने वालों में प्रमुख रूप से घनश्याम शर्मा(प्रांतीय अध्यक्ष टहड), शिव दयाल शर्मा (प्रान्तीय महासचिव), उदय राज शर्मा(प्रांतीय सचिव), दिनेश कुमार शर्मा, दुर्गेश शर्मा शर्मा, नंदलाल शर्मा, लाल जी शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, ओंकारनाथ शर्मा,





लच्छनधारी शर्मा(प्रभारी प्रयागराज), प्रकाश चंद्र शर्मा(वित्तीय सलाहकार), नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा(मुख्य सचिव), राजेंद्र प्रसाद शर्मा आदि सामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने* किया। मौके पर अमेठी जनपद से रंजीत कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, दिनेश कुमार प्रतापगढ़ जनपद से सचिन कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, सुल्तानपुर जनपद से हनुमान प्रसाद शर्मा, मातादीन शर्मा, दयाशंकर शर्मा, निशकांत शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, प्रेम कुमार शर्मा, जौनपुर से पन्नालाल शर्मा (चौधरी पंडराव) संजय शर्मा (चौधरी आलमगंज) मुन्नलाल शर्मा, सुनील शर्मा (जौनपुर), सुनील शर्मा (मडियाहू)अशोक कुमार शर्मा, अवधेश शर्मा , मनोज कुमार शर्मा, डॉक्टर राजेंद्र शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, रविंद्र शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, डाक्टर संतोष कुमार शर्मा, श्यामबहादुर, सत्येंद्र, संतोष, मनीष (मुंगराबादशाहपुर) प्रयागराज से ब्रमदेव शर्मा(जिला अध्यक्ष) राजेंद्र प्रसाद शर्मा, संदीप शर्मा(महासचिव) भदोही जनपद से , कैलाश नाथ(जिला अध्यक्ष)शर्मा, डाक्टर शैलेश शर्मा, राम नारायण शर्मा, मोहित शर्मा, धीरज शर्मा, लालजी शर्मा (अध्यापक) एडवोकेट मुकेश शर्मा, सुरेश शर्मा (औराई), एडवोकेट रोहित शर्मा, डा० नंदलाल शर्मा, जाहिद बेग (विधायक भदोही समाजवादी पार्टी) डा० फैजान खान (लाइफ केयर सेंटर मोढ़ भदोही), राजेंद्र शर्मा (जिला अध्यक्ष भदोही एमसीईऐ) डा०सुनील शर्मा, डा० उमेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, पन्नालाल शर्मा, शिवदेवी शर्मा(शिवगढ़ रायबरेली) लता सराठे (भोपाल) रमेश शर्मा बरवा बाजार, आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

सभी आगंतुकों का तीनों भाइयों ने राजेश शर्मा, सुरेश शर्मा एवं राकेश शर्मा ने आभार प्रकट किया।

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
प्रभारी/ मुख्य सचिव
भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति

# नवी मुंबई में महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में एक गिरफ्तार

**नवी मुंबई** : नवी मुंबई में एक महिला ने दो लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने उन दो में से एक को गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल दूसरे की तलाश जारी है।



महिला ने शिकायत में बताया कि दुष्कर्म दो साल पहले हुआ। महिला ने बताया कि वह आरोपी विजय चौधरी उर्फ विरजीभाई महियाल और सद्दाम से जून 2022 में तुर्भे क्षेत्र के एक होटल में मिली थी। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों ने उसके ड्रिंक में कुछ मिलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने गुरुवार को मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने बताया कि महियाल को गुजरात के बनासकांठा जिले से गिरफ्तार किया गया है, जबकि सद्दाम की तलाश जारी है।

# भाजपा विधायक नीतेश राणे बोले- वोट नहीं मिला तो सरपंच पैसा मांगने न आएं

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के कनकवली क्षेत्र से भाजपा के विधायक नीतेश राणे का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह वोट के लिए धमकी देते नजर आ रहे हैं। आज तक के मुताबिक, राणे ने एक बैठक के दौरान मराठी में कहा, ''मैं सरपंच और उनके कार्यकताओं को बताना चाहता हूं कि चुनाव क्षेत्र में अपने लोग लगाने हैं। तुम्हें अभी जितने वोट मिले हैं, मुझे उससे ज्यादा वोट चाहिए। उससे एक भी प्रतिशत कम वोट नहीं चलेगा।''



**आगे क्या बोले राणे ?**

राणे ने आगे कहा, ''सबका हिसाब लेकर बैठने वाला हूं 4 जून को क्योंकि उसके बाद आपको आना है विधायक निधि लेने के लिए। अगर 4 जून को मेरे हिसाब से रिजल्ट नहीं आया और अगर आपको मुझसे पैसे नहीं मिले तो शिकायत करने के लिए नहीं आना।'' यह राणे का यह भाषण कनकवली में भाजपा कैडर संवाद बैठक का बताया जा रहा है। उनके इस बयान के बाद महाराष्ट्र में विवाद खड़ा हो गया है।

**नारायण राणे के बेटे हैं नीतेश राणे**

विधायक नीतेश राणे केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे हैं। नारायण राणे को अभी तक टिकट नहीं मिला है, लेकिन उनको सिंधुदुर्ग से उतारे जाने की संभावना है। इस सीट पर टिकट घोषित होने से पहले ही उनके बेटे नीतेश ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। महाराष्ट्र की महायुति गठबंधन ने सिंधुदुर्ग समेत नासिक, कल्याण और ठाणे में भी उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं।






















यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

CMYK